छुट्टियों के दिनों में खुले रहने वाले डाकघर

779. श्री राम नरेश यादव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ डाकघर रविवार तथा अन्य राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी खुले रहते हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे डाकघरों की संख्या कितनी है ;

(ग) सरकार चालू वर्ष और आगामी वर्ष के दौरान रविवार को ऐसे कितने डाकघरों को खोले रखने का विचार रखती है ; और

(घ) इस संबंध में राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) जी हां। महत्व की दृष्टि से चुने गये डाकघर सामान्य कार्यालय समय के पश्चात् और रविवार सहित अवकाश के दिनों में खुले रहते हैं। उन्हें रात्रिकालीन डाकघर कहा जाता है।

(ख) देश में इस प्रकार के 174 डाकघर हैं।

(ग) फिलहाल और अधिक रात्रि-कालीन डाकघर खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश के गांवों में डाक एवं तार घरों की व्यवस्था

780. श्री राम नरेश यादव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे गांवों की संख्या कितनी है, जिनमें डाक एवं तार सुविधायें अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं ; और

(ख) सरकार उत्तर प्रदेश के सभी गांवों में यह सुविधायें कब तक उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) :

(क) **डाक सुविधाएं :**

उत्तर प्रदेश में 105398 जन-संख्या वाले ग्रामों में डाकघर नहीं हैं। तथापि, डाक का वितरण होता है और वितरण एजेंट डाक टिकटों की बिक्री करते हैं तथा सभी ग्रामों में रजिस्टर्ड पत्रों की बुकिंग करते हैं।

तार सुविधाएं :

इस समय उत्तर प्रदेश में 108874 ग्राम ऐसे हैं, जहां तार सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) **डाक सुविधाएं :**

डाक घर खोले जाने के लिये मौजूदा मान दण्डों के अनुसार निम्नलिखित पैरा-मीटरों को अपनाया जाना अपेक्षित है।

सामान्य क्षेत्रों में :—

एक ग्राम समूह की जनसंख्या 3000 होनी चाहिये और डाक घर खोले जाने के लिये प्रस्तावित ग्रामों की दूरी निकटतम डाकघर कम से कम तीन किलोमीटर होनी चाहिये। अतः उत्तर प्रदेश के सभी ग्रामों में डाक घरों की सुविधा उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लेकिन जो ग्राम डाक घर खोलने के लिये जनसंख्या तथा दूरी के उपर्युक्त मानदण्डों को